रजिस्ट्रेषन संख्या :– R.N.I. 36355/79
डाक पंजीकरण संख्या :– के पी सिटी– 67/2021–23

अधिकार किसको जानने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.dhr.gov.in लॉगिन कर क्लिक करें अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा गजट पढ़ने हेतु log in करें www.behm.org.in

चिकित्सा–विज्ञान और प्रौद्योगिक जगत में सर्वाधिक प्रकाशित होने वाला निष्पक्ष समाचार पत्र

पाक्षिक

# इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट

पत्र व्यवहार हेतु पता :–
सम्पादक
इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट
127/204 'एस' जूही, कानपुर–208014
सम्पर्क सूत्र :– 9450153215, 9415074806, 9415486103

वर्ष – 45 ● अंक – 4-7 ● कानपुर 1 से 15 अप्रैल 2023 ● प्रधान सम्पादक – डा0 एम0 एच0 इदरीसी ● वार्षिक मूल्य ₹ 100

# बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 की वार्षिक सामान्य बैठक में

# अनेक बिन्दुओं पर हुयी गम्भीरता से चर्चा

## सर्वसम्मति से अनेक प्रस्ताव पारित

### अब लाभार्थियों को फिर से मिलेगा इलेक्ट्रो होम्योपैथी से इलाज

बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 की प्रबन्ध समिति की वार्षिक सामान्य बैठक बोर्ड के प्रशासनिक कार्यालय कानपुर में बोर्ड के चेयरमैन डा0 एम0 एच0 इदरीसी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी जिसमें सर्व प्रथम बोर्ड कार्यालय में नव नियुक्त स्टाफ़ से परिचय कराया गया, परिचय की औपचारिक्ता के पश्चात बोर्ड के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद ने माननीय सदस्यों के समक्ष बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 की वार्षिक रिपोर्ट पटल पर प्रस्तुत की, रिपोर्ट पर गम्भीरता से चर्चा करते हुये आम सहमति बनी कि बोर्ड की समस्त बन्द इकाइयों को चरणबद्ध ढंग से पुनः प्रारम्भ किया जाये।

सदस्य डा0 ओम शंकर मिश्रा ने प्रस्ताव रखा कि सामुदायिक भवन बाकरगंज, कानपुर में पूर्व संचालित इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सालय (वर्तमान में बन्द) को पुनः सुचारु रुप से संचालित करने हेतु नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही की जाये, यदि आवश्यक हो तो पूर्व के लाभार्थियों सहित क्षेत्र के लोगों से चिकित्सालय संचालन हेतु समर्थन प्राप्त किया जाये, इस पर बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के चेयरमैन डा0 एम0 एच0 इदरीसी द्वारा माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया कि चिकित्सालय के संचालन हेतु नगर निगम से बराबर पत्राचार किया जा रहा है, एक अन्य सदस्य डा0 नरेन्द्र भूषण निगम हमीरपुर ने प्रस्ताव रखा कि भविष्य में बोर्ड द्वारा संचालित समस्त परीक्षायें एक ही पाली में करायी जायें, इस पर माननीय सदस्य डा0 आर0 के0 शर्मा लखीमपुर ने सुझाव दिया कि परीक्षा व्यवस्था पूर्व की भांति ही की जाये, सदस्य डा0 के0 सी0 सिंघल ने इस पर अपनी सहमति जतायी, माननीय सदस्यों के समक्ष रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद ने गत वर्ष की रिपोर्ट (रिपोर्ट देखें पेज 2 पर) की प्रति माननीय सदस्यों को उपलब्ध करायी तथा गत वर्ष का लेखा–जोखा एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 का बजट प्रस्तुत किया, जिसपर गम्भीर चर्चा उपरान्त आंशिक संशोधन के साथ सर्व सम्मति से पारित किया गया, इसके पश्चात धन्यवाद देते हुये बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।




बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 की प्रबन्ध समिति की वार्षिक सामान्य बैठक में भाग लेते हुये माननीय सदस्यगण

# मांग के अनुरुप ही कार्य करना चाहिये



चिकित्सक और चिकित्सा व्यवसाय से जुड़े हर व्यक्ति को अपने जीवन में मर्यादाओं का पालन करना होता है इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति भी इसका अपवाद नहीं है, समय बदल रहा है समय के साथ–साथ हमारे काम करने का ढंग, बात करने का ढंग और एक दूसरे से व्यवहार करने का ढंग भी बदल रहा है , इस बदलाव से इलेक्ट्रो होम्योपैथी से जुड़े व्यक्ति भी अछूते नहीं है।

इन दिनों इलेक्ट्रो होम्योपैथी एक नई व्यवस्था से परेशान है, पूरे देश के इलेक्ट्रो होम्योपैथी संस्था संचालक व नेतृत्वकर्ता अजीब सी उलझन में हैं , एक बार फिर स्थिति विषम होती जा रही है जिसके कारण भिन्न–भिन्न तरह की अवधारणायें निर्मित हो रही हैं, हमारे साथी भारत सरकार द्वारा प्रसारित सूचनाओं को अपने–अपने ढंग से परिभाषित कर रहे हैं, जिससे कि एक बार फिर भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है, नोटिस को गम्भीरता से समझने की अवश्यकता है, नोटिस किन परिस्थितियों में जारी हुई है और सरकार ने इस नोटिस को किन कारणों से जारी किया है ? यह वह महत्वपूर्ण विषय है जिस पर गम्भीर चिन्तन होना चाहिये और चिन्तन के बाद ऐसी स्थिति का निमार्ण करना चाहिये जिससे कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी को दूरगामी लाभ हो सके इस नोटिस को लेकर जिस तरह की भाषा का प्रयोग सोशल मीडिया पर हो रहा है जिससे कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की गूढ़ बातें भी बाहर निकल कर आ रही हैं, इससे समाज में गलत सन्देश जाता है, फेसबुक व सोशल मीडिया संचार का वह माध्यम है जो कि न केवल अपने बल्कि जो इलेक्ट्रो होम्योपैथी से नहीं जुड़े हैं वह भी हमारी वास्तविकता से अवगत हो जाते हैं, वास्तविकता जानना अच्छी बात है, परन्तु वास्तविकता की आड़ में जो सन्देश जाता है वह कदाचित ठीक नहीं है।

आज की स्थिति में इलेक्ट्रो होम्योपैथी बिल्कुल ठीक – ठाक चल रही है सरकार भी भरपूर मदद कर रही है, सरकार वर्षों से उपेक्षित पड़ी इलेक्ट्रो होम्योपैथी और अन्य वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का कल्याण करना चाहती है लेकिन किसी भी पद्धति को नियमित करने के लिए जो आवश्यक तत्व व जानकारियां हैं वह तो हमें देनी ही होंगी, लेकिन क्या देना है ? क्या नहीं देना है ? एकल स्तर पर देना है या सामूहिक स्तर पर देना है इन सारे बिन्दुओं पर विचार करना होगा, विचारोपरान्त उचित निर्णय लेते हुए कार्य करना चाहिये, जब बात एकता की की जाती है, एक मंच की की जाती है, तब जितने भी हमारे साथी हैं उनको अपना अहं छोड़ना होगा जब तक व्यक्तिगत हितों को छोड़कर सिर्फ पद्धति हित की बात नहीं की जायेगी तब तक कोई भी सकारात्मक रास्ता नहीं निकल सकता है।

अब वह समय आ गया है कि जब सब लोगों को नये सिरे से व खुले मस्तिष्क से सिर्फ और सिर्फ इलेक्ट्रो होम्योपैथी की बात करनी होगी, यदि यह अवसर हमने खोया तो अगला अवसर कब प्राप्त होगा! यह निश्चित नहीं है, न तो अस्तु ,न किन्तु और न ही परन्तु इन तीनों शब्दों से ऊपर उठकर सोचने का दायित्व किसी एक का न होकर इलेक्ट्रो होम्योपैथी से जुड़े हर व्यक्ति एवं संस्था संचालक का है, एक गलत निर्णय हमें कितना पीछे छोड़ देगा इसकी कल्पना शायद हम नहीं कर सकते हैं, समय के साथ चलते हुए और समय को ही साक्षी बनाते हुए हमें वही करना है जो आज समय की मांग है।

बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 की प्रबन्ध ......... प्रथम पेज से आगे

## बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन,उ0प्र0

8–लालबाग, कमला शर्मा मार्ग, लखनऊ–226001
प्रश0 कार्या0 : 127 / 204 "एस" जूही,कानपुर–208014
Email: registrarbehmup@gmail.com

**माननीय सदस्यगण !**

*" बोर्ड की पिछली वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 31 मार्च, 2022 को सम्पन्न हुई थी। "*

**Covid-19** का प्रभाव 2021–22 के बाद भी आंशिक रुप से वित्तीय वर्ष 2022–23 में भी छाया रहा, परिणाम स्वरुप हम अपने प्रस्तावित लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरी तरह सफल तो नहीं हो पाये किन्तु हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास निरन्तर करते रहे।

चिकित्सक जागरुकता अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से हमने 11 जनवरी, 2023 को यह घोषणा की कि इस पूरे वित्तीय वर्ष में कैम्प एवं शिविरों के माध्यम से इलेक्ट्रो होम्योपैथी का प्रचार व प्रसार किया जायेगा, जिसमें हम कुछ हद तक सफल भी हुये।

गत कुछ महीनों से शासन द्वारा निरन्तर झोला छाप चिकित्सकों के क्लीनिकों में छापे डाले जा रहे हैं जिसमें अनाधिकृत, अपंजीकृत चिकित्सकों की धर–पकड़ का कार्य तेज़ी से ज़िला स्तर पर किया जा रहा है, वैसे यह एक सामान्य प्रक्रिया है सरकार चाहती है कि जो चिकित्सक जिस विधा में पारंगत है (अर्थात जिस विधा में अध्ययन किया है) वह उसी विधा से चिकित्सा व्यवसाय करे, यह कार्यवाही आयुष अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1297 / 71 – आयुष–1–2016–डब्लू–283 / 2014 दिनांक 03 अगस्त, 2016 के अनुरुप हो रही है, जैसा कि आप सभी अवगत हैं कि बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 हेतु उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग–6 द्वारा कार्यालय ज्ञाप संख्या 2914 / पांच–6–10–23 रिट / 11 दिनांक 04 जनवरी, 2012 को जारी किया जा चुका है जिसमें बोर्ड को शिक्षा, चिकित्सा, रजिस्ट्रेशन, अनुसंधान एवं विकास हेतु अधिकार प्रदान किये गये हैं, आयुष अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1297 / 71 – आयुष–1–2016–डब्लू–283 / 2014 दिनांक 03 अगस्त, 2016 के अनुसार अब ज़िला पंजीयन का कार्य सी0एम0ओ0 कार्यालय में न होकर जो चिकित्सक जिस विधा में अर्हता धारी हैं उसे उस जनपद के चिकित्सक अपनी विधा के अनुसार ज़िला पंजीयन करायेंगे, अब सी0एम0ओ0 कार्यालय में केवल एलोपैथिक चिकित्सकों का पंजीयन किया जा रहा है, इसी प्रकार आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित्सकों के ज़िला पंजीयन का कार्य क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा यह कार्य किया जा रहा है, वहीं होम्योपैथिक चिकित्सको का ज़िला स्तरीय पंजीयन ज़िला होम्योपैथिक अधिकारी द्वारा किया जा रहा है, शासनादेशों के आलोक में बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 ने अप्रैल, 2021 से ज़िला स्तर पर जनपदीय *इलेक्ट्रो होम्योपैथिक प्रभारियों* की नियुक्ति की है जहाँ पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के चिकित्सक अपने जनपदीय पंजीकरण हेतु आवेदन कर रहे हैं, इससे एक लाभ हमारे चिकित्सकों को यह हुआ कि बहुत सी क्षेत्रीय समस्यायें जो अकारण उत्पन्न हो जाती थीं उनका समाधान ज़िला प्रभारियों द्वारा किया जा रहा है, कानपुर से सटे ज़िले जैसे *उन्नाव, फतेहपुर, हमीरपुर, जालौन, फिरोज़ाबाद* आदि में तो हमारे ज़िला प्रभारियों ने नोडल अधिकारी से मिलकर अनेक समस्याओं का समाधान कराया है।

बोर्ड से सम्बद्ध अनेक *इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूटों / इलेक्ट्रो होम्योपैथिक इन्सटीट्यूटों / स्टडी सेन्टर्स* में C.E.H. का कोर्स प्रारम्भ कर दिया गया है जिससे कि आने वाले वर्षों में जब वृहद स्तर पर हॉस्पिटल खुलें तो फार्मेसिस्टों की कमी न रहे।

वर्ष 2025 बोर्ड का स्वर्ण जयन्ती वर्ष होगा, एक गैर सरकारी संस्थान जिसे कोई सरकारी अनुदान या सहायता नहीं मिली हो उसके कार्य के 50 वर्ष अपने आप में एक कीर्तिमान स्थापित करता है, बोर्ड ने अपने बलबूते पर इस स्थान पर पहुँचने में अनेक बाधायें पार की हैं और केवल दूर–दृष्टि, पक्के इरादे के साथ न सिर्फ इलेक्ट्रो होम्योपैथी एवं इसके चिकित्सकों को उच्च स्थान दिलाया है अपितु बोर्ड को भी सरकारी दृष्टि में सम्मान दिलाया है इसके 50वीं वर्षगाँठ के लिये हम अभी से प्रयासरत हैं कि प्रस्तावित स्वर्ण जयन्ती कार्यक्रम में अधिकाधिक चिकित्सकों की सहभागिता हो इस हेतु 01 जुलाई, 2022 को डॉक्टर्स–डे (DOCTOR'S - DAY) पर बोर्ड द्वारा पंजीकृत समस्त चिकित्सकों को रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना जारी की गयी, इसमें प्रयास यह भी किया गया कि सभी पंजीकृत चिकित्सकों का डेटा अपडेट हो जाये, बोर्ड द्वारा पंजीकृत लगभग 7 हज़ार चिकित्सकों के सापेक्ष मात्र 500 चिकित्सक ही अधिकृत पाये गये हैं, स्वर्ण जयन्ती कार्यक्रम को गति देने के लिये बोर्ड के स्टाफ में बढ़ोत्तरी की गयी है, जिसमें सर्वश्री मो0 ज़फर इदरीसी को नियन्त्रक वित्त एवं विकास, अनुज शुक्ला को कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं शुभम को सहायक नियुक्त किया गया है।

बोर्ड की स्थापना 24 अप्रैल, 1975 को की गयी थी यह संयोग ही था कि देश में 25 जून, 1975 को आपातकाल की घोषणा कर दी गयी थी जिसके कारण स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होने लगा था, इसी समय सोसाइटीज़ रजिस्ट्रेशन एक्ट में भी संशोधन कर दिया गया जिससे एक नई स्थिति उत्पन्न हो गयी, अर्थात संस्थाओं को जाँचने के उद्देश्य से नवीनीकरण का प्राविधान कर दिया गया, बोर्ड ने इन तमाम बाधाओं के बावजूद 25 दिसम्बर, 1976 को एक धर्मार्थ चिकित्सालय की स्थापना की, 18 जून, 1977 को पहला चिकित्सकीय पंजीयन किया, इसी प्रकार पहली परीक्षा भी 1977 में ही सम्पन्न करायी थी जिसमें **M.B.E.H.** के मात्र 3 अभ्यर्थी सम्मिलित हुये वर्ष 1977 में ही ***Modern Scientific laboratory*** की स्थापना की, चिकित्सकों एवं संस्थानों को बल प्रदान करने के उद्देश्य से 25 जुलाई, 1978 को इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (**EHMAI**) के गठन में सहयोग किया, 14 जनवरी 1979 को त्रैमासिक इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट नाम से एक समाचार पत्र जिसमें केवल इलेक्ट्रो होम्योपैथी के ही समाचार थे प्रकाशित किया जो आज पाक्षिक के रुप में नियमित प्रकाशित किया जाता है, इलेक्ट्रो होम्योपैथी के ज्ञान को जन–जन तक पहुँचानें के उद्देश्य से 1979 में *कानपुर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल कालेज* का संचालन किया गया इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों को वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फरवरी 1982 में *नेशनल इलेक्ट्रो होम्योपैथ्स कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी* की स्थापना करने में अपना सहयोग प्रदान किया, यह सभी उपक्रम अपरिहार्य कारणों से वर्ष 2004 में बन्द हो गये।

वित्तीय वर्ष 2023–24 में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक धर्मार्थ चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र प्रारम्भ किया जाना नितान्त आवश्यक है जिससे **ICMR** द्वारा वांछित की पूर्ति की जा सके तत्पश्चात बोर्ड द्वारा संचालित इलेक्ट्रो होम्योपैथिक कालेज का पुनः संचालन किये जाने की आवश्यकता है तथा *अन्य बन्द हुयी इकाइयों को पुनः संचालित किये जाने पर ध्यान देना चाहिये।*

वर्ष 2021–22 के आय–व्यय का लेखा–जोखा तथा वर्ष 2023–24 का प्रस्तावित बजट विचारार्थ प्रस्तुत है।

रजिस्ट्रार

# ज़िला पंजीयन

# व्यवसायिक चिकित्सकों का बना सुरक्षा कवच

प्रेषक

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी - मीरजापुर

सेवा में

निदेशक

होम्योपैथिक उ०प्र०

लखनऊ

पत्रांक - जि०हो०/2022-23/ दिनांक -23.03.2023

**विषय - इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से इलाज के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि -

1. इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन आफ इंडिया के संयुक्त सचिव श्री मिथिलेश कुमार मिश्रा के रिफरेन्स सं० 672/E.H.M.A.I/2023 लखनऊ दिनांक 06.01.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें (सुलभ सन्दर्भ हेतु छायाप्रति संलग्न ) जो आपको संबोधित है तथा सचिव उत्तर प्रदेश शासन आयुष अनुभाग -2 एवं समस्त जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी को पृष्ठांकित है के द्वारा अवगत कराया गया है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन आफ इंडिया इलेक्ट्रो होम्योपैथी संस्थाओ एवं चिकित्सकों का एक राष्ट्रीय संगठन है जो इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा एवं अनुसन्धान तथा विकास हेतु स्वतंत्र नियामक की भूमिका निभाता है । तथा भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं स्वास्थ्य अनुसन्धान विभाग द्वारा इस हेतु दिनांक 21.06.2011 को आदेश जारी किये गये है।
2. श्री अवनीश पाण्डेय के शिकायत पत्र दिनांक 02.03.2023 जो माननीय बृजेश पाठक जी स्वास्थ्य मंत्री उ०प्र० शासन लखनऊ को संबोधित है जो श्रीमान पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ,श्रीमान मेडिकल काउन्सिल आफ इंडिया सेक्टर 8 द्वारिका नई दिल्ली , जिलाधिकारी मीरजापुर तथा अधोहस्ताक्षरी को पृष्ठांकित है (सुलभ संदर्भ हेतु प्रति विधि संवाददाता इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश की प्रति मय संलग्नको सहित संलग्न ) जिसके द्वारा श्री पाण्डेय ने यह अनुरोध किया है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा किये जा रहे इलाज व इलाज के नाम पर दिये जा रहे जहरीली व नशीली दवा के प्रेक्टिशनर के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उनके द्वारा चलाये जा रहे दवाओं का फोरेंसिक जांच कराने की कृपा करें तथा यह भी अवगत कराया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा इलेक्ट्रो होम्योपैथी झोला छाप डॉक्टरी के शिवाय कुछ भी नही है । इसे अवैध घोषित कर दिया गया है ।

अतः आप से सादर अनुरोध है कि उक्त दोनों पत्र संयुक्त सचिव श्री मिथिलेश कुमार मिश्रा व शिकायतकर्ता श्री अवनीश पाण्डेय के पत्र का अवलोकन करें / जॉच कर अधोहस्ताक्षरी को आवश्यक दिशा निर्देश देने की कृपा करें ।

**संलग्नक** - उपरोक्तानुसार

भवदीय

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी
मीरजापुर

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी
मीरजापुर

पत्रांक - जि०हो०/2022-23/ 603 तददिनांक।

**प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1. श्री अवनीश कुमार पाण्डेय पुत्र श्री विवेकानंद पाण्डेय निवासी ग्राम बेलवन पोस्ट-पड़री थाना -पड़री मीरजापुर ।
2. श्री मिथिलेश कुमार मिश्रा संयुक्त सचिव इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन आफ इंडिया पता ADM OFFICE 8 - लाल बाग लखनऊ -226001
3. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक , विन्ध्याचल मण्डल - मीरजापुर ।

भवदीय

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी
मीरजापुर

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी
मीरजापुर

# बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदेश प्राप्त, इहमाई द्वारा अनुमोदित)

8– लालबाग, कमला शर्मा मार्ग, लखनऊ–226001

प्रशा0 कार्यालय : 127/204 "एस" जूही, कानपुर–208014

website- www.behm.org.in Email: registrarbehmup@gmail.com

## प्रवेश सूचना

**F.M.E.H.** दो वर्ष (चार सेमेस्टर) – इण्टरमीडियेट अथवा समकक्ष

**G.E.H.S.** चार वर्ष+(1 वर्ष इन्टर्नशिप) – 10+2 जीव विज्ञान अथवा समकक्ष

**P.G.E.H.** दो वर्ष – G.E.H.S अथवा चिकित्सा स्नातक

**C.E.H.** एक वर्ष – हाई स्कूल अथवा समकक्ष

**A.C.E.H.** एक सेमेस्टर – किसी भी चिकित्सा पद्धति में न्यूनतम दो वर्ष का पाठ्क्रम उत्तीर्ण (इलेक्ट्रो होम्योपैथी 30 अप्रैल, 2004 से पूर्व/पैरा मेडिकल /किसी राजकीय चिकित्सा परिषद द्वारा पंजीकृत/ सूचीकृत चिकित्सक)

विस्तृत जानकारी हेतु बोर्ड की अधिकृत संस्थाओं से सम्पर्क करें अथवा www.behm.org.in पर log in करें।

## LIST OF AUTHORISED INSTITUTIONS

| Code | Name of Institute | Address | District | Name of Principal | Name of Manager | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Ashish Electro Homoeopathic Medical Insitute | Chajlapur, Po: I.T.I.,Door Bhash Nagar | RAIBARELI | Dr. P. N. Kushwaha | Dr. P. N. Kushwaha | 9935318306 |
| 03 | Awadh Electro Homoeopathic Medical Insitute | Shri Om Sai Dham,Indrpuri Colony,Sitapur Road | LUCKNOW | Dr. R. K. Kapoor | Smt. Sunita Kapoor | 8299165010 |
| 05 | Bhagwan MahaveerElectro Homoeopathic Insitute | Pan Dareeba | JAUNPUR | Dr. Pramod Kr. Maurya | Smt. Sushila Maurya | 9451162709 |
| 06 | Maa sarju Devi Electro Homoeopathic Medical Insitute | 2537, Mishrana | LAKHIMPUR | Dr. R. K. Sharma | Dr. R. K. Sharma | 8115545675 |
| 11 | Chandpar Electro Homoeopathic Medical Insitute | Anjan Shaheed | AZAMGARH | Dr. Mushtaq Ahmad | Dr. Iftekhar Ahmad | 9415358163 |
| 13 | Azad Electro Homoeopathic Medical Insitute | Kintoor | BARABANKI | Dr. Habib-ur Rahman | Dr. Habib-ur Rahman | 8052791197 |
| 15 | Electro Homoeopathic Medical Insitute | Mahmanshah, Near Charkhamba | SHAHJAHANPUR | Dr. Ammar-Bin-Sabir | Dr. S.A. Siddique | 9336034277 |
| 16 | Shahganj Electro Homoeopathic Medical Insitute | Khas Bhadi, Shahganj | JAUNPUR | Dr. S. N. Rai | Dr. Rajendra Prasad | 9450088327 |
| 17 | Prema Devi Electro Homoeopathic Medical Institute | Siddhatth Children Campus, Arya Nagar | SIDDHARTH NAGAR | Dr. Ved Prakash Srivastav | Dr. V.P. Srivastav | 9415669294 |

## LIST OF AUTHORISED STUDY CENTRES

| Code | Head of Centre | Address | District | Mobile No | E-mail |
|---|---|---|---|---|---|
| 52 | Dr. Pradeep Kumar Srivastava | 8/366 Tube Well Colony | DEORIA | 9415826491 | |
| 53 | Dr. Bhoop Raj Shrivastava | 120-Basheerganj | BAHRAICH | 9451786214 | |
| 55 | Dr. Ayaz Ahmad | Beneath K.G.S. Gramir Bank, Walidpur | MAU | 9305963908 | |
| 56 | Dr. Gaya Prasad | Aarti Electro Homoeopathic Study Centre, Barkhera | JALAUN | 8874429538 | |
| 57 | Dr. N. Bhushan Nigam | B.K.E.H. Study Centre, Patkana | HAMIRPUR | 9889426312 | |
| 59 | Dr. Mohammad Israr Khan | Araw Road, Sirsaganj | FIROZABAD | 9634503421 | |
| 60 | Dr. Mohd. Akhlak Khan | 128- Katra Purdal Khan | ETAWAH | 7417775346 | |
| 61 | Dr. Shiv Kumar Pal | Prem Nagar, Dak Banglow Bye Pass Road | FIROZABAD | 9027342885 | |
| 62 | Dr. Prince Srivastav | Hameed Nagar Ward No-3, Nautanwa | MAHARAJGANJ | 7398941680 | mpsr31@gmail.com |
| 63 | Dr. Ram Autar Kushwaha | Kushwaha Electro Homoeopathic Study Centre | KANPUR | 9793261649 | |

## LIST OF AUTHORISED STUDY/GUIDENCE CENTRES OTHER STATE

| Code | Head of Centre | Address | District | Mobile No | E-mail |
|---|---|---|---|---|---|
| 81 | Dr. Devendra Singh | 374/4 Shahid Bhagat Singh Colony, Karawal Nagar | DELHI-110090 | 9818120565 | 9873609565 |
| | | | | | |

## LIST OF AUTHORISED EXAMINATION CENTRES

| Code | Head of Centre | Address | District | Mobile No | E-mail |
|---|---|---|---|---|---|
| 91 | Dr. P. K. Ragahav | Khurja | BULAND SHAHAR | 9837897021 | |
| 92 | Dr. S.K. Saxena | Parker College Road | MORADABAD | 8171869605 | |
| 93 | Electro Homoeopathic Exam | Registrar B.E.H.M. U.P. Kanpur Campus | KANPUR | 0512-2970704 | |
| 95 | Dr. Vikas | 303/6 Gyan Nagar, Purkhas Road | SONIPAT-131001 | 9639300426 | 7302653934 |

Registrar

बी0ई0एच0एम0 के लिए डा0 अतीक अहमद द्वारा गजट प्रेस 126 टी/22 'ए' रामलाल का तालाब, जूही, कानपुर–208014 से मुद्रित एवं मिथलेश कुमार मिश्रा द्वारा कम्प्यूटराइज्ड करा कर 9/1 पीली कालोनी, जूही, कानपुर–208014 से प्रकाशित किया।